**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,पुपरी(सीतामढ़ी)**

पत्रांक :– 781 पुपरी, दिनांक :– 24.05.2021

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रंमडल, पुपरी।

सेवा में,

संवेदक
श्रीनाथ राय,
चैनपुरा, हरिहरपुर,
पुपरी, सीतामढ़ी।

विषयः– आपके द्वारा कार्य प्रमंडल, पुपरी अन्तर्गत निर्मित पथों में पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य नहीं करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के अलोक में कहना है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत पैकेज सं0–BR-33R-383 एवं 384 पथों का निर्माण कार्य आपके द्वारा पूर्ण कराया गया था। जिसमें पंचवर्षीय अनुरक्षण का कार्य आपको ही करना है। वर्तमान में सभी पथों को देखने से यह प्रतित होता है कि आपके द्वारा इस वर्ष में पथों का अनुरक्षण कार्य नहीं कराया गया है। जिससे पथों में आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है। अगर आपके द्वारा वर्षात से पूर्व पथों का अनुरक्षण का कार्य नहीं कराया गया तो पथों की स्थिति जर्जर हो जायेंगी।

अतः आपको निर्देश दिया जाता है कि दिनांक–10.06.2021 तक पथों में अनुरक्षण का कार्य कराकर साक्ष्य सहित अद्योहस्ताक्षरी को सूचित करें अन्यथा बाध्य होकर एस0बी0डी0 के सुसंगित कंडिका के तहत् आपके विरूद्ध कार्रवाई हेतु अनुशंसा के साथ उच्चाधिकारी को संगसूचित कर दिया जायेंगा। जिसकी सारी जबावदेही आपकी होगी।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

विश्वासभाजन

24.5.21

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रंमडल,पुपरी।

24.5.21

Scanned by CamScanner